हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 जुलाई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने गुरुग्राम में टॉवर ऑफ जस्टिस न्यायिक परिसर का लोकार्पण किया।

2. केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतत भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण व पौधा रोपण पर बल दिया।

3. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने माफी योजना शुरू की, योजना छह महीने तक लागू रहेगी।

4. केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने होडल के गांव पिंगोड़ में 2 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

5. श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा - देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता में देश का किसान और गरीब - कांग्रेस का काम हर विषय को लेकर अफवाहें फैलाना है।

6. मौसम विभाग ने आज और कल कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई।

---

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज गुरुग्राम में टॉवर ऑफ जस्टिस न्यायिक परिसर का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने वर्चुअल माध्यम से नूंह जिला के तावडू व पुन्हाना न्यायिक परिसर का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह व पंजाब एंव हरियाणा उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश मौजूद रहे। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण न्यायिक परिसर का निर्माण हरियाणा सरकार की संवेदनशीलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। सरकार की सक्रिय सहभागिता के फलस्वरूप हरियाणा में न्यायिक परिसर का ऊंचागत विकास सुदृढ़ हो रहा है और टॉवर ऑफ जस्टिस जैसे न्यायिक भवन न्याय प्रक्रिया को सौहार्दपूर्ण वातावरण देने में सहभागी बनेंगे। इस दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य ने टॉवर ऑफ जस्टिस निर्माण में अपना योगदान देने वाले श्रमिकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

---

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सतत भविष्य सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण बेहद महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में वृक्ष मित्र और पर्यावरण संरक्षण संकल्प कार्यक्रम में श्री चौहान ने कहा कि आज पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी का तापमान बढ़ने को लेकर चिंतित है।

*वर्तमान दर से अगर ग्रीन गैसों का उत्सर्जन जारी रहा। वनों की कटाई, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों का अतिरिक्त दोहन जारी रहा तो 2050 तक पृथ्वी को गंभीर पर्यावरणीय आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।*

---

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, ई.पी.एफ.ओ ने माफी योजना-2026 शुरू की है। इसके तहत छूट प्राप्त भविष्य निधि न्यास चलाने वाले प्रतिष्ठानों को अपनी स्थिति नियमित करने का एकमुश्त अवसर दिया गया है।श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बताया कि यह योजना छह महीने तक लागू रहेगी। इसका लाभ उन प्रतिष्ठानों को मिलेगा, जो आयकर अधिनियम, 1961 के तहत मान्यता प्राप्त भविष्य निधि न्यास का संचालन कर रहे हैं। ऐसे प्रतिष्ठान कर्मचारी भविष्य निधि का प्रबंधन सीधे ई.पी.एफ.ओ के बजाय अपने निजी न्यास  के माध्यम से करते हैं। मंत्रालय ने कहा है कि योजना के तहत निर्धारित राहत का लाभ तभी मिलेगा जब सदस्यों के खातों में निर्धारित अवधि के दौरान अंशदान जमा किया गया हो और उस पर ईपीएफओ की वैधानिक ब्याज दर के बराबर या उससे अधिक ब्याज दिया गया हो। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र प्रतिष्ठानों को संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में ई-मेल के माध्यम से औपचारिक आवेदन भेजना होगा।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल जिले में होडल विधानसभा क्षेत्र के गांव पिंगोड़ में लगभग 2 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें हरियाँ ग्रामीण विकास निधि योजना के तहत लगभग 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, लगभग 62 लाख रुपए की लागत से गांव की फिरनी का निर्माण, लगभग 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले रविदास भवन सहित विभिन्न समाजों की चौपालों एवं अन्य जन सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर श्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे है। मोदी जी का विजन, सबका साथ,सबका विकास गांवों में दिखाई दे रहा है। गांवों में हर वर्ग की चौपालों का निर्माण कराया गया है। मीडिया से बातचीत में श्री गुर्जर ने कहा कि होडल विधानसभा क्षेत्र के गांवों के विकास को लिए पैसे की कोई कमी नहीं है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज होडल विधानसभा क्षेत्र के गांव खांबी में भी 4 करोड़ रुपए की लागत  के  विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर होडल विधायक हरेंद्र सिंह , पूर्व मंत्री हर्ष कुमार भी मौजूद रहे।
इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता में देश का किसान और गरीब है। श्री गुर्जर ने कहा कि किसानों की फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य -एमएसपी पर खरीदने तथा फसलों का उचित मूल्य देना मोदी सरकार में ही संभव है। श्री कृष्णपाल गुर्जर ने मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस का काम हर विषय को लेकर अफवाहें फैलाना है।  श्री गुर्जर ने कहा कि इसीलिए देश के 80 फीसदी हिस्से में बीजेपी और एनडीए की सरकार है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

मा ैसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र ने आज और कल  13 तारीख को कुछ स्थानों पर और उसके बाद राज्य में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। इसके इलावा आज कहीं कहीं भारी बारिश होने की भी संभावना है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

पंचकूला पुलिस की साइबर अपराध शाखा की टीम ने 13 लाख 10 रुपए की साइबर ठगी का पर्दाफाश करते हुए दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक जिम्बाब्वे का नागरिक, है, जो स्टूडेंट वीजा पर भारत आया था, तथा दूसरा नाइजीरिया का नागरिक है , जो मेडिकल वीजा पर भारत में रह रहा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने 3 से 7 जुलाई तक नेपाल के पोखरा में आयोजित 10वीं इंडो-नेपाल स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में स्वर्णपदक हासिल करने वाले बल्लभगढ़ निवासी शुभ सिंह और उसके कोच मुकेश फौजी को आज सम्मानित किया।शुभ सिंह ने 3 किलोमीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर भारत, हरियाणा और फरीदाबाद का नाम रोशन किया है।

श्री मूलचंद शर्मा ने शुभ सिंह के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उसकी उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का स्त्रोत है।विधायक ने कहा कि सरकार खेल प्रतिभाओं को हरसंभव प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

नूंह के उपायुक्त एवं मेवात विकास अभिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अखिल पिलानी ने जिले के युवाओं से भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती की तैयारी के लिए संचालित किए जा रहे निःशुल्क विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि मेवात विकास अभिकरण द्वारा जिला सैनिक बोर्ड, नूंह के सहयोग तथा ऑलिव हेरिटेज फाउंडेशन के माध्यम से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क संचालित किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का जिला नूंह का स्थायी निवासी होना आवश्यक है।आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------